




## एक नजर में

### एसबीआई के 71वें स्थापना दिवस पर किया 71 पौधों का किया रोपण, विद्यार्थियों को अध्ययन सामग्री भी बांटी




**पालडी/नाहरगढ़।** भारतीय स्टेट बैंक के 71वें स्थापना दिवस के अवसर पर क्षेत्रीय व्यावसायिक कार्यालय (आरबीओ-7), मंदसौर द्वारा ग्राम पालडी स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र परिसर में 71 पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों को कलम एवं कॉपी वितरित कर उनका उत्साहवर्धन भी किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय प्रबंधक दीपेंद्र रघुवंशी ने कहा कि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया सदैव समाज एवं ग्राहकों की सेवा के लिए समर्पित है। पौधरोपण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। बढ़ते प्रदूषण और बदलते पर्यावरणीय परिदृश्य को देखते हुए हम सभी का दायित्व है कि अधिक से अधिक वृक्ष लगाएँ तथा उनके संरक्षण का भी संकल्प लें। सीएचओ श्रीमती किरण मोरे एवं श्रीमती पुष्पा बोराना ने कहा कि स्वच्छ पर्यावरण और स्वस्थ जीवन एक-दूसरे के पूरक हैं। सभी नागरिकों को वृक्षारोपण के साथ-साथ अपने स्वास्थ्य के प्रति भी जागरूक रहना चाहिए तथा समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराते रहना चाहिए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय प्रबंधक दीपेंद्र रघुवंशी, मुख्य प्रबंधक महेश पाटीदार, मुख्य प्रबंधक (एसीबी मंदसौर) राजेश व्यास, सीएचओ श्रीमती किरण मोरे, ग्राम पाल?ी के सरपंच नरसिंह मालवीय, सचिव रमेश चौहान, मानसिंह गुर्जर, भेरू पाटीदार, रामेश्वर पाटीदार, मुकेश गुर्जर, महादेव पाटीदार, जसवंत गुर्जर, सत्यनारायण गुर्जर, शौकीन, रामेश्वर लोहार, सुरेश पाटीदार, शिवराम गुर्जर, धनराज गुर्जर, दुलेसिंह गुर्जर, जनपद सदस्य मुकेश बामणिया, सत्यनारायण पाटीदार, कारु लाल पाटीदार, टेकचंद पाटीदार, मदन गुर्जर, नंदलाल विश्वकर्मा सहित ब?ी संख्या में ग्रामवासी मातृशक्ति एवं बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों ने पौधों के संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन का सामूहिक संकल्प लिया।

### एक कर्मठ शिक्षक नन्दकिशोर - जिसने कर दिया भाव-विभोर




रिछाबच्चा। नीमच जिले के आदर्श गाँव जनकपुर की पवित्र मिट्टी के अत्यन्त अभाव ग्रस्त परिवार में जन्म लेकर अपनी प्रारम्भिक शिक्षा ''सर्वोदय मा. वि. जनकपुर'' से प्राप्त कर एक संघर्षशील शिक्षक के रूप में अपने ज्ञान, कर्म, श्रम और संस्कारों के मजबूत स्तम्भों पर खड़े रहकर 40 वर्षों की सेवा पूर्ण कर शा.प्राथमिक विद्यालय रिछाबच्चा के प्रभारी प्रधानाध्यापक के पद से श्री नन्दकिशोर पाटीदार के सेवानिवृत्ति के शुभ अवसर पर आयोजित ''सेवानिवृत्ति बिदाई एवं सम्मान-समारोह'' के गरिमामय मंच पर मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर ने कहा कि शिक्षक का कार्य क्षेत्र बहुत व्यापक होता है। वह केवल शाला की चारदीवारी के साथ बाहर सम्पूर्ण समाज को जागृत करने और राष्ट्र के लिए जिम्मेदार नागरिक बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। इस क्षेत्र में श्री नन्दकिशोर पाटीदार की सेवाएँ सराहनीय और प्रेरणास्पद हैं। विशेष अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा डॉ. विजय पाटीदार ने कहा कि समाज सच्चे और अच्छे कार्यों की केवल सराहना ही नहीं करता अपितु उनकी पूजा भी करता है। आज का श्री पाटीदार जी का सम्मान-समारोह इस बात को बखूबी रेखांकित कर रहा है। मंदसौर माननीय श्री विपिन जैन ने कहा कि श्री नन्दकिशोर पाटीदार का शिक्षक के रूप में परिश्रम, समर्पित शिक्षण, कुशल नेतृत्व और सहयोग बच्चों के लिए प्रेरणादायी रहा। शिक्षा क्षेत्र के साथ पर्यावरण, जनभागिता, वृद्धजनों का सम्मान, प्रतिभा-सम्मान, स्वच्छता जैसे अनेक पुनीत कार्य किये जो प्रेरणा का केन्द्र हैं। नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर ने श्री पाटीदार की पूर्व शाला मा. वि. साबाखे?ा और मा. वि. जग्गाखे?ी में दिये गये अनेक शैक्षिक और रचनात्मक कार्यों और बदलावों का स्मरण किया। इस अवसर पर जिला पंचायत प्रतिनिधि श्री नरेन्द्र पाटीदार एवं जनपद पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि श्री विरम धनगर ने भी सम्बोधित किया। समारोह का मुख्य आकर्षण विद्यालय के शिक्षकों, अभिभावकों, विद्यार्थियों के विचारों को समाहित कर सेवानिवृत्त हो रहे शिक्षक नन्दकिशोर पाटीदार के कृतित्व और व्यक्तित्व पर आधारित एक पुस्तक 'यादों के झरोखों से' का विमोचन अतिथियों द्वारा किया गया।झ समारोह में समस्त ग्राम वासियों की उपस्थिति रही। ब?ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों द्वारा भावनात्मक विदाई दी गई। ग्राम वासियों द्वारा सभी अतिथियों व शिक्षकों के साथ-साथ सम्पूर्ण ग्रामवासियों के सह-भोज ने समारोह को भव्यता प्रदान की। वहीं विद्यार्थियों, अभिभावकों और माताओं की नम आँखों से अविरल अश्रू-धारा ने अलग ही दिव्यता दिखाई। कार्यक्रम में शिक्षक अंकित राठौर के स्वरचित विदाई-गीत ने सभी को भाव-विभोर कर दिया।

### एक्सिस बैंक और गोस्पोर्ट्स फाउंडेशन की नई पहल

**इंदौर.** एक्सिस बैंक ने गोस्पोर्ट्स फाउंडेशन के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं. इस साझेदारी के तहत बेंगलुरु में 'एक्सिस बैंक-गोस्पोर्ट्स फाउंडेशन द परफॉर्मेंस इंस्टीट्यूट (एजीटीपीआई) की स्थापना की जाएगी. यह अपनी तरह की एक अनूठी पहल है, जिसका उद्देश्य खेल विज्ञान, अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देकर भारत की खेल क्षमताओं को मजबूत करना तथा भारतीय खेलों के दीर्घकालिक विकास को गति देना है. एक्सिस बैंक के ग्रुप हेड-होलसेल बैंक कवरेज, कॉर्पोरेट सैलरी, सस्टेनेबिलिटी एवं सीएसआर, विजय मुलबागल ने कहा भारतीय खेल आज एक ऐसे दौर में हैं, जहां वैश्विक स्तर पर लगातार बेहतर प्रदर्शन करने के लिए केवल प्रतिभा और प्रशिक्षण ही पर्याप्त नहीं हैं. इसके लिए देश में खेल विज्ञान और खेल चिकित्सा की मजबूत व्यवस्था भी उतनी ही जरूरी है. हमारा उद्देश्य एक ऐसा संस्थान तैयार करना है, जो डेटा, अनुसंधान, विश्लेषण और विशेषज्ञता को एक मंच पर लाकर भारत में खेल विज्ञान के लिए एक मजबूत और आत्मनिर्भर इकोसिस्टम विकसित करने में अहम भूमिका निभाए.

### प्राइम डे पर अमेज़न पे के साथ करें बचत

**इंदौर.** अमेज़न प्राइम डे 2026 भारत में 4 से 6 जुलाई को आ रहा है. यह आपके लिए एक्सक्लूसिव डील्स, नए लॉन्च और ब्लॉकबस्टर मनोरंजन लेकर आएगा. लेकिन एक बेहतरीन डिस्काउंट ढूंढना तो बस आधी कहानी है। बाकी आधी कहानी यह है कि इन डील्स के साथ-साथ आपको कैशबैक, रिवॉर्ड्स और ब्याज-मुक्त भुगतान का भी पूरा फायदा मिल सकता है. फाइनेंस के लचीले विकल्पों से लेकर रोज़ाना के रीचार्ज तक, इस प्राइम डे पर अपनी शॉपिंग को और भी शानदार बना सकते हैं.

# झारड़ा सड़क हादसे में पिता-पुत्र की मौत

**पिपलियामण्डी।** पिपलियामण्डी - मनासा मार्ग पर झारड़ा के निकट गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे हुए एक भीषण सड़क हादसे में स्कूटी सवार पिता-पुत्र की दर्दनाक मौत हो गई। सामने से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तत्काल दोनों को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों के सभी प्रयास विफल रहे और दोनों ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। इस हृदयविदारक घटना से परिजनों सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान वासुदेव पिता बाबूलाल मोड़ तथा उनके पुत्र अशोक पिता वासुदेव मोड़, निवासी नरसिंहपुरा, सत्यानारायण कॉलोनी, मन्दसौर के रूप में हुई है। दोनों सत्यानारायण कॉलोनी में किराए के मकान में रहकर परिवार का पालन-पोषण करते थे। गुरुवार दोपहर दोनों किसी कार्य से स्कूटी से जा रहे थे। जब वे झारड़ा के समीप पहुंचे, तभी सामने से आ रही एक कार (एमपी 44 जेडबी 8330) ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनो वाहन भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी। दोनों घायलों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। गंभीर रूप से घायल वासुदेव मोड़ ने नारायणगढ़ अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया, जबकि उनके पुत्र अशोक मोड़ को बेहतर उपचार के लिए मन्दसौर जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी भी मृत्यु हो गई।

#### कार की टक्कर से पिता-पुत्र की मौत, परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

नारायणगढ़ थाना प्रभारी राजेन्द्र पंवार ने बताया कि हादसा गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे हुआ। दोनों मृतक स्कूटी पर सवार थे। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि कार की टक्कर से यह दुर्घटना हुई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम की कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए हैं। कार चालक के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस दुर्घटना के सभी पहलुओं की जांच कर रही है। इस हादसे ने परिवार को पूरी तरह झकझोर कर रख दिया है। बताया जा रहा है कि पिता-पुत्र ही परिवार के मुख्य कमाने वाले सदस्य थे। अशोक मोड़ के पीछे एक छोटा बच्चा है, जबकि परिवार पहले से ही किराए के मकान में रहकर गुजर-बसर कर रहा था। एक ही परिवार के दो सदस्यों की एक साथ मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।



# नपाध्यक्ष गुर्जर ने किया हाई मास्क का लोकार्पण

**मंदसौर।** नगर के प्रमुख चौराहों पर रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था हो इसके लिए मंदसौर नगर में प्रमुख स्थानों पर हाई मास्क लगाए जा रहे हैं कल नगर पालिका परिषद के द्वारा वार्ड 29 (प्रतापगढ़ पुलिया वीर सावरकर पुलिया चौराहा पर) नगर पालिका परिषद द्वारा हाई मास्क स्थापित किया गया।

रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने स्विच दबाकर इसका लोकार्पण किया, इस अवसर पर नगर पालिका सभापति व क्षेत्रीय पार्षद दीपमाला मकवाना पूर्व नगर पालिका सभापति रामेश्वर मकवाना भाजपा नेता अकलाक रहमानी, सुनील बंजारिया, मनीष पंडित, आनंद पाठक, टिंकु पाठक, अंशुल पंवार, रामेश्वर पंवार, अशोक मोगरा, पिंकेश भाटी, सुरेश नामदेव, चंद्रशेखर जैन, महेश भगत, अशोक सेन भी उपस्थित थे .



# गर्भवती महिलाओं की हर तीन महीने में चिकित्सा अधिकारी से ही करवाई जाए जांच : कलेक्टर

**मंदसौर। जिला पोषण एवं जिला स्वास्थ्य समिति की संयुक्त बैठक आज गुरूवार को कलेक्टर अदिती गर्ग की अध्यक्षता में सुशासन भवन सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक के दौरान कलेक्टर गर्ग ने निर्देश दिये कि गर्भवती महिलाओं की प्रत्येक 3 माह में चिकित्सा अधिकारी से ही जांच करवाई जाएं, इस बात का विशेष ध्यान रखें। प्रत्येक 2, 9, 16 एवं 25 तारिख को जांच करवाएं। सार्थक एप्प से उपस्थिति लगाएं।**

बैठक के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी अंकिता पंडया, सीएमएचओ डॉ गोविन्द सिंह चौहान, जिला समन्वयक, जिला परियोजना सहायक, ब्लॉक मेडिकल आफिसर, परियोजना अधिकारी, ब्लॉक समन्वयक एवं पर्यवेक्षक मौजूद थे।

# रद्दी भरे ट्रक से एक क्विंटल डोडाचूरा जब्त

▶ पंजाब के दो तस्कर गिरफ्तार, आज कोर्ट में पेश करेगी पुलिस

**पिपलियामण्डी।** मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ पिपलिया पुलिस को गुरुवार को सफलता मिली। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने महू-नीमच फोरलेन स्थित पेट्रोल पंप के समीप केशव होटल के सामने घेराबंदी कर रद्दी से भरे एक ट्रक को रोककर उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान ट्रक में छिपाकर रखा गया करीब एक क्विंटल डोडाचूरा बरामद हुआ। पुलिस ने मौके से पंजाब के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर ट्रक सहित मादक पदार्थ जब्त कर लिया। एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

#### रिमांड में होगा ड्रग्स नेटवर्क का खुलासा

साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि आरोपियों का संबंध किसी अंतरराज्यीय मादक पदार्थ तस्कर गिरोह से तो नहीं है। पुलिस आरोपियों के मोबाइल फोन, कॉल डिटेल और अन्य दस्तावेजों की भी जांच करेगी, जिससे पूरे नेटवर्क का खुलासा हो सके। थाना प्रभारी विक्रमसिंह इवने ने बताया कि दोनों आरोपियों को शुक्रवार सुबह न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लेने का आवेदन किया जाएगा। रिमांड के दौरान आरोपियों से मादक पदार्थ के स्रोत, सप्लाई चैन, आर्थिक लेन-देन तथा गिरोह में शामिल अन्य लोगों के संबंध में गहन पूछताछ की जाएगी। पुलिस को उम्मीद है कि पूछताछ में कई महत्वपूर्ण जानकारियां सामने आ सकती हैं।

थाना प्रभारी विक्रमसिंह इवने ने बताया कि उप निरीक्षक जया भारद्वाज को मुखबिर से सूचना मिली थी कि इंदौर से पंजाब की ओर जा रहे एक ट्रक में भारी मात्रा में डोडाचूरा ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में पुलिस टीम गठित कर महू-नीमच हाईवे पर पेट्रोल पंप के निकट स्थित केशव होटल के सामने नाकाबंदी की गई। कुछ समय बाद मुखबिर के बताए अनुसार ट्रक वहां पहुंचा, जिसे पुलिस ने रोक लिया और तलाशी ली।

# मेनका गांधी के बयान पर कार्रवाई की मांग, जैन समाज ने सौंपा ज्ञापन

**मंदसौर।** सकल जैन समाज द्वारा मेनका गांधी द्वारा दिगम्बर जैन साधु-साध्वियों के पवित्र पिच्छिका के संबंध में दिए गए बयान पर कार्रवाई एवं एफआईआर दर्ज करने हेतु सकल जैन समाज ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर जिला प्रशासन की प्रतिनिधि अपर कलेक्टर एकता जायसवाल को एक ज्ञापन सौंपा।

सकल जैन समाज के संयोजक सुरेन्द्र लोढा ने बताया कि जैन समाज अहिंसा का पालन करने का समाज है और समाज के साधु संत तो अहिंसा के प्रचारक है वे तो ठंड, गर्मी, बारिश में भौतिक साधनों का उपयोग तक नहीं करते है ऐसे में दिगम्बर जैन साधु-साध्वियों के पवित्र पिच्छिका पर मेनका गांधी द्वारा दिया गया बयान अस्वीकार्य है और उनके बयान से पूरे समाज में रोष व्याप्त है।अध्यक्ष लोकेन्द्र कुमार जैन गोटावाला ने बताया कि हैं। मेनका गांधी द्वारा यह आरोप लगाया गया है कि दिगम्बर जैन साधु-साध्वियों द्वारा उपयोग की जाने वाली पिच्छिका के कारण मोरों की हत्या की जाती है। यह कथन पूर्णतः निराधार, असत्य एवं जैन धर्म की परम्पराओं के विपरीत है। जैन धर्म अहिंसा, करुणा एवं जीव दया का सर्वोच्च संदेश देता है।




#### धार्मिक भावनाओं की रक्षा करने हो कार्रवाई

ज्ञापन के दौरान समाजजनों ने मांग की कि मेनका गांधी के विषयान्तर्गत बयान की जांच कराई जाए। उनसे जैन समाज से सार्वजनिक रुप से क्षमा याचना करने के लिए कहा जाए। भविष्य में किसी भी धर्म एवं धार्मिक परंपरा के संबंध में भ्रामक एवं असत्य जानकारी प्रसारित करने वालों के विरुद्ध उचित कार्यवाई सुनिश्चित की जाए। जैन समाज की धार्मिक भावनाओं एवं परम्पराओं के सम्मान की रक्षा हेतु आवश्यक कदम उठाए जाए। ज्ञापन का वाचन सकल जैन समाज के अध्यक्ष लोकेन्द्र जैन ने किया। इस अवसर पर सकल जैन समाज के महामंत्री शेखर कासमा, अरविन्द मेहता, राजमल गर्ग, अनिल कियावत, मनीष सेठी, प्रताप कोठारी, अनिल जैन (नगरी वाला), प्रवक्ता विजेन्द्र फांफरिया, कमलेश कटारिया, श्रीमती विनाली मेहता, विजय सुराणा, अनिल जैन सांवरिया, मनोहर नाहटा, संदीप जैन सहित बडी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

# मंदसौर में पंचायत और वार्ड कमेटियों के सत्यापन का अभियान शुरू

**मंदसौर।** कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत जिले में बूथ एवं पंचायत स्तर तक संगठन का शत-प्रतिशत गठन पूर्ण होने के बाद अब पंचायत एवं वार्ड कमेटियों के सत्यापन का अभियान शुरू कर दिया गया है।

गुरुवार को जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेन्द्रसिंह गुर्जर ने सीतामऊ एवं सुवासरा ब्लॉक में पंचायत कमेटियों का सत्यापन किया। वहीं शामगढ़ ब्लॉक की मासिक बैठक आयोजित कर नव-नियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। तीनों ब्लॉकों में आयोजित कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेन्द्रसिंह गुर्जर ने कहा कि मंदसौर जिले में संगठन सृजन अभियान के तहत संगठन का शत-प्रतिशत गठन कर लिया गया है।



#### सत्यापन की कार्रवाई के लिए होगी प्रक्रिया

अब पूरे जिले में पंचायत एवं वार्ड कमेटियों के सत्यापन की प्रक्रिया संचालित की जाएगी। उन्होंने बताया कि संगठन सृजन के बाद जिले में पहली बार इस प्रकार का व्यापक सत्यापन अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संगठन के विस्तार के साथ-साथ एकता, समन्वय, अनुशासन और सक्रियता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक मूल्यों पर लगातार प्रहार हो रहा है, ऐसे में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पूरी मजबूती के साथ केंद्र एवं राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ संघर्ष करना होगा।श्री गुर्जर ने आरोप लगाया कि देश में वोट चोरी, सीट चोरी और पेपर चोरी के बाद अब चढ़ावा चोरी जैसे मामले भी सामने आ रहे हैं।

### सेफ क्लिक 2.0 अभियान : पुलिस ने छात्रों और अन्य लोगों को किया साइबर अपराधों के प्रति जागरूक

**भानपुरा।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार एवं पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा के मार्गदर्शन में संचालित सेफ क्लिक 2.0 अभियान के तहत गुरुवार को थाना भानपुरा पुलिस ने सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं चंबल चौराहा स्थित इंडियन पेट्रोल पंप पर साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। थाना प्रभारी निरीक्षक आर.सी. दांगी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छात्र-छात्राओं एवं नागरिकों को ऑनलाइन फ्रॉड, फिशिंग लिंक, फर्जी कॉल, ओटीपी शेयरिंग, क्यूआर कोड फ्रॉड, बैंकिंग धोखाधड़ी, सोशल मीडिया ठगी तथा डिजिटल अरेस्ट जैसे साइबर अपराधों से बचाव की जानकारी दी। साथ ही सुरक्षित इंटरनेट उपयोग, व्यक्तिगत एवं बैंकिंग जानकारी गोपनीय रखने और साइबर ठगी होने पर तत्काल हेल्पलाइन 1930 तथा राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी।

# रोटरी क्लब की नई टीम ने पहले ही दिन किए चार बड़े सेवा प्रकल्प

**मन्दसौर।** रोटरी क्लब मंदसौर द्वारा 1 जुलाई को सी.ए. डे एवं डॉक्टर्स डे मनाया गया। यह जानकारी देते हुए रोटरी क्लब मंदसौर के अध्यक्ष अनिल चौधरी सचिव रो. संजय जैन (श्वेता) ने बताया कि रोटरी वर्ष 1 जुलाई से प्रारंभ होकर 30 जून को समाप्त होता है।

वर्ष के प्रथम दिन ही रोटरी क्लब मंदसौर की नवीन कार्यकारिणी द्वारा क्लब के समस्त चार्टर्ड अकाउंटेंट्स एवं डॉक्टर्स का सम्मान करते हुए उन्हें प्रतीक चिन्ह, पौधे गमले भेंट किए। उपरोक्त 2 सेवा सम्मान प्रकल्प के पश्चात क्लब अपने तृतीय मानव सेवा प्रकल्प शैक्षिक रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें रो. पवन सेठिया, रो. गौरव ब?जात्या, रो. डॉ. अजय व्यास, डॉक्टर अभिजीत जैन आदि सहित लगभग 27 साथियों ने रक्तदान कर मानव सेवा में अपना योगदान दिया।

साथ ही क्लब द्वारा अपने चौथे सेवा प्रकल्प के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन पौधारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं अन्य चिकित्सकों व रोटरी क्लब परिवार के साथियों के साथ 1 जुलाई को ही जिला चिकित्सालय प्रांगण बगीचे में पौधारोपण कार्यक्रम का भी आयोजन कर 11 छायादार पौधे लगाए गए।

मुख्य अतिथि के रूप में उद्बोधन देते हुए सकल जैन समाज युवा प्रकोष्ठ के महामंत्री श्री कमलेश कटारिया ने क्लब द्वारा रोटरी वर्ष के प्रथम दिन ही इतने प्रोजेक्ट करने की प्रशंसा करते हुए कहा कि रोटरी क्लब की गतिविधियों से समाज में जरूरतमंद लोगों को जो सहायता मिलती है, वह वास्तव में सराहनीय कार्य है।

### संगठन एप्प डिजिटल लर्निंग संगठन सशक्तिकरण का प्रभावी माध्यम : शिवानी अडसपुरकर

**मंदसौर।** भाजपा महिला मोर्चा की जिला स्तरीय बैठक जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित हुई, जिसमें संगठन ऐप के माध्यम से डिजिटल लर्निंग एवं डिजिटल सर्टिफिकेट अभियान पर चर्चा की गई। बैठक में भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं प्रदेश प्रशिक्षण प्रभारी शिवानी अडसपुरकर मुख्य अतिथि रहीं।

शिवानी अडसपुरकर ने कहा कि संगठन ऐप के माध्यम से कार्यकर्ता संगठन की विचारधारा एवं कार्यपद्धति का प्रभावी प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से ऐप पर उपलब्ध पाठ्यक्रम पूर्ण कर अधिक से अधिक डिजिटल सर्टिफिकेट प्राप्त करने का आह्वान किया। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रियंका गोस्वामी ने कहा कि डिजिटल प्रशिक्षण कार्यकर्ताओं की दक्षता बढ़ाने और संगठन को सशक्त बनाने का प्रभावी माध्यम है।

बैठक में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण भी किया गया तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं महिला मोर्चा की बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। संचालन प्रीति रोखले एवं आभार दुर्गा सिसौदिया ने व्यक्त किया।

## एक नजर

#### मंडल स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने पर जोर

# जिला भाजपा के नेतृत्व में मंडलों की मासिक संगठनात्मक बैठकें शुरू

**मंदसौर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल, संभाग प्रभारी सुरेश आर्य एवं भाजपा जिला संगठन प्रभारी दिलीप सकलेचा के मार्गदर्शन एवं भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीखित के नेत्रत्व में जिले में संगठनात्मक गतिविधियों के अंतर्गत मासिक मंडल बैठकों का क्रम निरंतर जारी है। इसी क्रम में बुधवार एवं गुरुवार को भाजपा के मंदसौर दक्षिण, धुंध?का एवं मंदसौर ग्रामीण मंडलों की मासिक संगठनात्मक बैठकें संपन्न हुईं। शेष मंडलों में 7 जुलाई तक बैठके सम्पन्न होंगी।




मंदसौर दक्षिण मंडल की बैठक भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित, मंडल प्रभारी एवं जिला कार्यालय प्रभारी पारस मावर के आतिथ्य एवं मंडल अध्यक्ष विनोद डगवार की अध्यक्षता में जिला भाजपा कार्यालय, मंदसौर में आयोजित हुई। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष विनय दुबेला, तथा मंडल महामंत्री अमन फरकया मंचस्त रहे। बैठकों में संगठन के आगामी कार्यक्रमों, बूथ सशक्तिकरण, सदस्यता विस्तार, केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी प्रचार-प्रसार तथा संगठन द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही मंडल स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने एवं संगठनात्मक कार्यों को गति देने का आह्वान किया गया।

धुंधड़का मंडल की बैठक मंडल अध्यक्ष राजेश धाकड के नेतृत्व में पंचायत भवन, धुंधड़का में हुई। बैठक को पूर्व मंडल अध्यक्ष विकास सुराना एवं भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी जितेंद्र शर्मा ने संबोधित किया। मंदसौर ग्रामीण मंडल की बैठक मंडल अध्यक्ष नेपालसिंह सिसौदिया की अध्यक्षता में हुई।